R.N.I. Rg. No. : 35394/77 E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com Web. : www.dainikvishwapariwar.com

# दैनिक विश्व परिवार

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

• अंक : 77 • वर्ष : 48 • झाँसी : मंगलवार 9 जनवरी, 2024 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 4 रूपए • संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

हम जीवन में कुछ कर सकें या न कर सकें किन्तु अपने भावों को अवश्य सम्भालें।

आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माता जी



## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई : 6 की मौत

◆ परिजन की अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे



**सिरसा (एजेंसी)।** हरियाणा के सिरसा जिले के डबवाली में सोमवार को एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। वहीं, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मारे गए पांच मृतक एक ही परिवार के हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए डबवाली के उपमंडल नागरिक अस्पताल में बने शव गृह में रखा गया है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद एसपी सुमेर सिंह, डीएसपी क्राइम राजीव कुमार घटनास्थल पर पहुंचे।

मृतकों की पहचान राजस्थान के श्रीगंगानगर के वार्ड नंबर दो की रामदेव कालोनी की गली नंबर सात निवासी बनवारी लाल वर्मा, उनकी पत्नी दर्शना, बड़े भाई कृष्ण कुमार, उसकी पत्नी गुड्डी देवी, दूसरे भाई ओमप्रकाश की पत्नी चंद्रकला, कार चालक गांव सरदारपुरा बिका के वार्ड नंबर पांच निवासी सुभाष चंद्र के रूप में हुई है। दर्शना देवी के पिता हिसार के सेक्टर-15 निवासी रिटायर्ड हेडमास्टर पिरथी सिंह की मृत्यु हो गई है। मंगलवार को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार है। पिता की मृत्यु पर शोक जताने वह अपने पति, जेठ कृष्ण कुमार तथा दो जेठानियों के साथ कार से जा रही थी। दोपहर बाद एक बजे श्रीगंगानगर से हिसार के लिए चले थे। शाम करीब तीन बजे कार गांव शेरगढ़ के समीप अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में चली गई। सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बनवारी लाल को डबवाली एंबुलेंस सेवा के कुलवंत सिंह ने उपचार के लिए उपमंडल नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। वहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। बनवारी लाल कंस्ट्रक्शन ठेकेदार बताया जाता है। डबवाली शहर थाना प्रभारी एसआइ शैलेंद्र कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। स्वजनों के बयानों के बाद मंगलवार को आगामी कार्रवाई की जाएगी।

डबवाली के थाना प्रभारी (शहर) उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चल रहा है कि ये हादसा कार चालक को नींद आने के कारण हुआ है। कार काफी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है, इससे पता चलता है कि गाड़ी में ब्रेक नहीं लगाए गए और गाड़ी तेज गति से टकरा गई।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से जयंत चौधरी को मिल गई बड़ी राहत

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) प्रमुख जयंत चौधरी को चुनाव आचार संहिता और कोविड नियमों के उल्लंघन के मामले में राहत देते हुए आरोप पत्र पर संज्ञान लेने और आपराधिक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने राज्य सरकार से जवाब भी मांगा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने जयंत चौधरी की याचिका पर उनके अधिवक्ता इमरान उल्लाह विनीत विक्रम और धर्मवीर सिंह को सुनकर दिया है। आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी के खिलाफ फरवरी 2022 में नोएडा के दादरी थाने में आचार संहिता और कोविड-19 के नियमों के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित अन्य कई लोग भी आरोपित हैं।

इस मामले में जयंत चौधरी और अखिलेश यादव पर बगैर अनुमति के भारी भीड़ के साथ जुलूस निकालने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है, जिस पर अधीनस्थ अदालत ने संज्ञान लेने का आदेश किया है। याचिका में पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान आदेश और अपराधिक कार्रवाई को चुनौती दी गई है।

## इण्डिया : कांग्रेस और आप के बीच पहली बैठक में दिल्ली सुलझा

◆ अन्य राज्यों में सीट बंटवारे का पेंच दूसरे राउंड में करेंगे हल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईएनडीआईए गठबंधन में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बनी सहमति को आगे बढ़ाते हुए दोनों पार्टियों ने अब सीटों के बंटवारे की औपचारिक बातचीत का पहला राउंड सोमवार को पूरा कर लिया। इस बातचीत का लेकर दोनों पार्टियों ने फिलहाल किसी तरह का खुलासा करने से परहेज किया है मगर मिले संकेतों के अनुसार, दिल्ली में जहां चार-तीन के फार्मूले पर सहमति बनने की संभावना हैं। वहीं, गुजरात, हरियाणा और गोवा में दोनों पार्टियां चुनावी संभावनाओं की गुंजाइश टटोल रही हैं।

बताया जाता है कि आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में एक सीट समेत गोवा और गुजरात में कांग्रेस के सामने कुछ सीटों की मांग रखी है। सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए अगले कुछ ही दिनों में कांग्रेस और आप के नेताओं के बीच दूसरे दौर की बैठक होगी।

आईएनडीआईए में शामिल दलों से चुनावी गठबंधन को जल्द आकार देने में जुटी कांग्रेस की मंगलवार को महाराष्ट्र में उसके गठबंधन महाविकास अघाड़ी के दलों शिवसेना यूबीटी और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के नेताओं के साथ बैठक होगी। आईएनडीआईए गठबंधन के दलों के बीच 2024 के चुनाव में अधिकतम संभव सीटों पर संयुक्त प्रत्याशी उतारने को लेकर बनी राय के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस ने सीट बंटवारे की यह कसरत दो दिन पहले ही शुरू की।

बिहार में राजद के नेताओं संग हुई चर्चा के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति की आप नेताओं आतिशी, सौरभ भारद्वाज और संदीप पाठक के साथ सोमवार को करीब तीन घंटे चर्चा हुई। कांग्रेस की गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक के घर पर हुई इस बैठक में अशोक गहलोत, सलमान खुर्शीद, मोहन प्रकाश के साथ दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली भी मौजूद थे।

बैठक की चर्चाओं और अंतिम निष्कर्षों के बारे में दोनों पार्टियों ने किसी तरह की टीका-टिप्पणी से परहेज किया। मुकुल वासनिक ने पत्रकारों से केवल इतना कहा कि आज की बैठक में अरविंद केजरीवाल की तरफ से आप के वरिष्ठ नेताओं को भेजा गया था। इस चर्चा में हमने वरिष्ठ नेताओं के साथ सीट शेयरिंग और विभिन्न विषयों को लेकर गहन चर्चा की है। कुछ दिन बाद हम फिर से बैठक करेंगे और सीट शेयरिंग की अंतिम चर्चा होगी।

दिल्ली और पंजाब में गठबंधन को लेकर दोनों पार्टियों की राज्य इकाईयों के अलग-अलग रूख समेत अन्य सवालों को टालते हुए वासनिक ने दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे की बातचीत सकारात्मक दिशा में बढ़ने के साफ संकेत दिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आइएनडीआइए गठबंधन का मजबूत हिस्सा है और हम मिलकर जोरदार तैयारी के साथ चुनाव लड़ेंगे और भाजपा को हराएंगे।

सीट बंटवारे की कसरत के संदर्भ में सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन के आधार पर कांग्रेस ने कम से कम चार सीटों पर दावा किया है, लेकिन सत्ताधारी आप विधानसभा के बाद दिल्ली नगर निगम चुनाव में अपने प्रदर्शन के हिसाब से खुद चार सीटों पर लड़ने के साथ तीनें सीटें कांग्रेस को देने के पक्ष में है और इस फार्मूले पर सहमति बन सकती है।

पंजाब में आप के मुकाबले कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है और ऐसे में राज्य इकाई के विरोध के चलते तालमेल की गुंजाइश नहीं है। हरियाणा में आप की एक सीट की मांग पूरा करना भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं। गुजरात में सीटों के तालमेल पर चर्चा का दौर अभी जारी है और इसीलिए वासनिक ने कहा कि सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला अगले दौर की बैठक में हो जाएगा।

## रविन्द्र गोयल ने ग्रहण किया उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार

◆ परिचालन में संरक्षा, यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के साथ निरंतर सुधार के लिए काम को प्राथमिकता

◆ कर्मचारियों के कल्याण के साथ हितधारकों को सुविधा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता



*__प्रयागराज (विश्व परिवार)।__ रविन्द्र गोयल ने महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे का पदभार संभाल लिया है।प्रयागराज आगमन पर रविन्द्र गोयल ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय कार्यालय में अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित किया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और तीनों मंडलों के डीआरएम समेत शाखा अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।*

*बैठक के दौरान अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करना, यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करना और यात्रा अनुभव में निरंतर सुधार के लिए काम करना तथा कर्मचारियों के कल्याण के साथ हितधारकों को सुविधा प्रदान करना हमारा मुख्य फोकस होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा, ईमानदारी और कड़ी मेहनत से कठिन से कठिन लक्ष्य भी पूरा होता है।*

***महा प्रबंधक का परिचय एक नजर में***

*पंजाब के फिल्लौर में जन्मे रविन्द्र गोयल ने यूबीएस, चंडीगढ़ से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने चंडीगढ़ से कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पंजाब के विभिन्न स्थानों जैसे लुधियाना, फरीदकोट, जालंधर और चंडीगढ़ आदि में हुई।*

*वह भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1987 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने रेलवे में अपनी सेवा का प्रारंभ मुंबई डिवीजन, पश्चिम रेलवे में एरिया ऑफिसर, वलसाड के रूप में की और उसके बाद इनको भारतीय रेल में विभिन्न स्थानों पर विविध क्षमताओं में 34 वर्षों तक सेवा करने का बहुत व्यापक और समृद्ध अनुभव है।*

*उन्होंने कॉनकॉर में 5 वर्षों तक सफलतापूर्वक काम किया। उन्होंने पूरी तरह से अलग-अलग परिवहन आवश्यकताओं वाले दो डिवीजनों में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में काम किया। एक बिलासपुर डिवीजन था जो भारतीय रेल के सबसे अधिक माल लदान करने वाले डिवीजनों में से एक है और दूसरा मध्य रेल का मुंबई डिवीजन था जो दुनिया की सबसे व्यस्त उपनगरीय सेवाओं में से एक अत्यधिक यात्री उन्मुखीकरण वाली सेवा प्रदान करता है।*

*उन्होंने नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे और नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे में प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के रूप में भी काम किया और देश के सुदूर क्षेत्रों यानी पूर्वोत्तर राज्यों और राजस्थान के रेगिस्तान को सेवित करने वाले सीमांत क्षेत्रों में भी काम किया। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्र के सबसे बड़े क्षेत्र को सेवित करने वाले उत्तर रेलवे में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया, जो 5 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित चार केंद्र शासित प्रदेशों को सेवाएं प्रदान करता है। उन्होंने नीति आयोग में भी काम किया।*

*उन्होंने पश्चिम रेलवे में सीएफटीएम, सीपीटीएम, सीटीपीएम, सीसीएम/पीएस, और सीसीएम/एफएम के साथ-साथ कई अन्य पदों पर भी काम किया है। उनके पास मुख्य परिवहन प्रबंधक-पेट्रोलियम/पश्चिमी क्षेत्र और जयपुर में आईआरसीटीसी में कार्य करने का भी अनुभव है। महाप्रबंधक /उत्तर मध्य रेलवे के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पहले, उन्होंने रेलवे बोर्ड में अपर सदस्य/वाणिज्य के रूप में काम किया और भारतीय रेलवे के वाणिज्यिक दायित्वों का निर्वहन किया।*

## 108 फीट लंबी धूप बत्ती से महकेगा राम मंदिर का परिसर

**आगरा (एजेंसी)।** 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर देशभर में उल्लास है। देश के कोने कोने से भक्त मंदिर के लिए भेंट लेकर पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में गुजरात के वडोदरा से 108 फींट लंबी धूपबत्ती अयोध्या ले जाई जा रही है। योगी सरकार अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी हुई है। इसको लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। श्रीराम मंदिर को महकाने के लिए गुजरात के वडोदरा से 108 फीट लंबी धूप बत्ती अयोध्या ले जाई जा रही है। भरतपुर से होते हुए आगरा के फतेहपुर सीकरी और किरावली पर यह धूपबत्ती पहुंची। इसके पहुंचते ही सैकड़ों की संख्या में लोग हाईवे पर पहुंच गए और धूपबत्ती को देखकर जय श्री राम के नारे लगाने लगे।

वडोदरा से शुरू हुआ सफर धूपबत्ती की शोभायात्रा में बदल गया है। सोमवार को राजस्थान के भरतपुर होते हुए यह करवा आगरा के फतेहपुर सीकरी और किरावली पर पहुंची। 3610 किलो वजन की 108 फुट लंबी और करीब साढ़े तीन फीट चौड़ी धूपबत्ती को देखने के लिए भारी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने धूपबत्ती का फूल बरसा कर स्वागत किया। छह महीने में यह बनकर तैयार हुई धूपबत्ती वड़ोदरा में तैयार की गई है। इस विशेष धूपबत्ती को बनाने में अनेक तरह की जड़ी बूटियां का प्रयोग किया गया है। यह धूपबत्ती करीब डेढ़ महीने तक अनवरत चलेगी। करीब 50 किलोमीटर क्षेत्र में अपनी खुशबू फैलाएगी। धूपबत्ती का निर्माण करने वाले गुजरात निवासी बिहाभरबाड़ ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसमें भेंट करने के लिए इस धूपबत्ती का निर्माण किया गया है। इसे तैयार करने में देसी गाय का गोबर, देसी गाय का घी, धूप सामग्री सहित अनेक प्रकार की जड़ी बूटियां का इस्तेमाल किया गया हैं।

## जैन मिलन ने लक्ष्मीबाई पार्क व तहसील चौराहे पर ठंड से बचने को लगाए अलाव



**झांसी।** शहर में ठंड की प्रकोप को देखते हुए भारतीय जैन मिलन मुख्य शाखा व महिला जैन मिलन शाखा झांसी ने लक्ष्मीबाई पार्क व तहसील चौराहे पर अलाव लगाए।

इस पर अवसर पर जैन मिलन के अध्यक्ष वीर सुभाष जैन सत्यराज संरक्षक अति वीर प्रवीण कुमार जैन पूर्व अध्यक्ष रविंद्र जैन रेलवे महासचिव बृजेंद्र मोदी कोषाध्यक्ष दीपक जैन का अजीत जैन इंजीनियर सतीश चंद्र जैन अपूर्व जैन वीरांगना श्रीमती अंजू जैन साधना जैन, विद्या जैन शर्मिला जैन नीतू जैन आदि उपस्थित रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व रात्रि में शीशम के पलंग पर शयन करेंगे रामलला

**अयोध्या (एजेंसी)।** रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पहले विधिवत पूजन अर्चन करने की तैयारी हो रही है। उनके विग्रह की जीवन कारक द्रव्यों के अलावा शैय्या अधिवास की विशेष योजना है। इस प्रक्रिया में रामलला को शीशम के नवनिर्मित पलंग पर शयन कराया जाएगा। ट्रस्ट ने इस पलंग को अयोध्या में ही निर्मित कराया है। इसके अलावा भगवान के लिए गद्दा, रजाई, चादर व तकिया भी खरीदे गए हैं। वस्त्र भी तैयार हैं।

इसी अधिवास के दौरान कुश से भगवान के हृदय को स्पर्श कर न्यास वाचन कर संबंधित पूजन प्रक्रिया भी संपन्न कराई जाती है। बाद में सुबह उन्हें विधिवत जागरण कराने के बाद सिंहासन पर प्रतिष्ठित किया जाता है। शैय्या अधिवास 21 जनवरी को रात्रि में होगा। 22 को मध्य दिवस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा होगी।

वाराणसी से आए वैदिक आचार्यों के अनुसार सिंहासन (आसन) पर पहले कूर्म शिला व स्वर्ण से निर्मित कच्छप, ब्रह्म शिला का भी अधिवास होता है। तीन पिंडिका भी रखी जाएंगी। आचार्यों के अनुसार इसके अलावा भगवान के आसन के ठीक नीचे श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठा की जाएगी, जिस तरह भूमि पूजन में पांच शिलाओं के साथ अलग- अलग द्रव्य रखे जाते हैं, उसी तरह रामलला के आसन का भी पूजन किया जाएगा। आसन के नीचे कुल 45 द्रव्य रखे जाएंगे। इसमें नौ रत्नों में हीरा, पन्ना, मोती माणिक्य, पुखराज व लहसुनिया, मूंगा, नीलम, गोमेद के अलावा पारा, सप्त धान्य व विविधि औषधियां हैं। यह प्रकिया पूर्ण होने के बाद नवीन विग्रह को आसान पर प्रतिष्ठित किया जाएगा।

इसी के बाद गोघृत व शहद मिश्रण से युक्त स्वर्ण शलाका से भगवान के नेत्र उन्मीलित किये जाएंगे। भगवान को दर्पण दिखाया जाएगा।

## भगवान श्रीराम अकेले भाजपा के नहीं, वह तो पूरी दुनिया में पूजे जाते हैं : शिवपाल



**सैफई (एजेंसी)।** शिवपाल ने कहा कि देख लेना अगर देश में यही स्थिति बनी रही तो एक दिन श्रीलंका जैसे हालात हो जाएंगे। कहा कि इस सरकार में बेईमानी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और जो हमारे पढ़े-लिखे नौजवानों को नौकरी देने का वादा किया था, जो पूरा नहीं किया है।


सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा हमला करते हुए कहा है कि भाजपा ऐसा सोचती है कि भगवान श्रीराम अकेले भाजपा के ही हैं। जब भगवान श्रीराम के पूजक ना केवल हर वर्ग के लोग हैं बल्कि भगवान श्री राम को दुनिया भर में पूजा जाता है।

मुचेहरा गांव निवासी स्वर्गीय राम बहादुर मिश्रा की 89वीं जयंती के अवसर पर पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव के हाथों करीब पांच सौ लोगों को कंबल बांटे गए। उन्होंने सैफई को वीवीआईपी ग्राम पंचायत बनाने के पीछे नेताजी मुलायम सिंह यादव के मित्र स्वर्गीय राम बहादुर मिश्रा का अहम योगदान रहा। उन्होंने मिश्रा जी के बेटे आलोक मिश्रा उर्फ लालू को बधाई दी।

कंबल वितरण के बाद शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि वह कुछ दिन पहले तक सुबह टीवी चैनल को खोलकर सबसे पहले खबरें पहले सुनते थे, लेकिन आजकल मोदी और योगी के अलावा कोई दिखाई नहीं दे रहा है। मंदिर के अलावा कुछ नहीं दिखाई दे रहा है। लगता है भगवान राम भारतीय जनता पार्टी के हैं।





## दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित
## हाइकु

**जितना चाहो, जो चाहो जब चाहो, क्या कभी मिला?**

झोपड़ी वाला रंक हो या महाप्रसाद वाला राजा, किसी को भी समय से पहले एवं भाग्य से ज्यादा, जितना चाहा, जो चाहा, जब चाहा नहीं मिला। अतः लालसा करना व्यर्थ ही है।

## सम्पादकीय

### बीजेपी रामलला के नाम पर कई चुनाव लड़ और जीत चुकी

राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख सामने आने के बाद प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय मंत्री रामलला से जुड़ी तमाम खबरें अपने सोशल साइट्स पर पोस्ट कर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर तमाम बीजेपी नेता भी अयोध्या से जुड़ा वीडियो शेयर करते रहते हैं। हिन्दुस्तान के इतिहास में एक और नई इबारत जुड़ने जा रही है। अगले साल 22 जनवरी 2024 को जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के नवनिर्मित आलीशान मंदिर में प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो उसी के साथ पांच सौ साल का विवाद भी इतिहास के पन्नों में सिमट जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा की खबर से रामभक्त प्रसन्न हैं। वहीं इसको लेकर सियासत भी गरमाना शुरू हो गई है जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि 2024 का लोकसभा चुनाव भी रामलला के इर्दगिर्द घूमता नजर आये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिये। क्योंकि बीजेपी एक बार फिर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है। वैसे भी करीब चार दशक से अयोध्या राजनीति का केन्द्र बना हुआ है। बीजेपी रामलला के नाम पर कई चुनाव लड़ और जीत चुकी है। पूरे देश में बीजेपी का विस्तार यदि देखने को मिल रहा है तो इसकी जद में अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्रमुख भूमिका रही है। इसी के चलते भले ही आज सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा हो, लेकिन बीजेपी भी इसका श्रेय लेने में पीछे नहीं है। वह अपने वोटरों को बताती रहती है कि यदि वह नहीं होती तो रामलला का मंदिर निर्माण हो ही नहीं पाता। खास बात यह है कि बीजेपी के इस दावे पर उसके वोटर विश्वास भी करते हैं।

बहरहाल, एक तरफ बीजेपी के उत्थान में रामलला का मंदिर मील का पत्थर साबित हुआ है तो दूसरी ओर अयोध्या की सियासत के चलते कई राजनैतिक दलों को पतन का भी सामना करना पड़ा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की आज जो दुर्दशा देखने को मिल रही है, उसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि बीजेपी को छोड़कर अन्य सियासी दल अपने आप को इस सियासत में एडजेस्ट नहीं कर पाये। इसीलिए कोई भी गैर-बीजेपी दल नहीं चाहता है कि 2024 का आम चुनाव रामलला के नाम पर लड़ा जाये। इसको लेकर कई दलों में बेचैनी भी देखी जा सकती है। इसकी बानगी हाल में ही तब देखने को मिली जब उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण कोर्ट के आदेश पर हो रहा है, भारतीय जनता पार्टी की इसमें कोई भूमिका नहीं है। शिवपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति कर देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। शिवपाल का यह बयान सहारनपुर में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के सिलसिले में अपने समर्थकों से संवाद के बाद मीडिया से रूबरू होने के दौरान सामने आया। सहारनपुर के दो दिवसीय दौरे के दौरान शिवपाल ने देवबंद में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद वह मीडिया कर्मियों से रूबरू हुए। इस मौके पर शिवपाल यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। शिवपाल यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण कार्य कोर्ट के आदेश पर किया जा रहा है। भाजपा सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है। शिवपाल जैसी भाषा करीब-करीब सभी दलों के नेता बोल रहे हैं। वहीं बीजेपी वालों को इससे सियासी फायदा होता दिख रहा है। राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अधिकांश केंद्रीय मंत्री रामलला से जुड़ी तमाम खबरें अपने सोशल साइट्स पर पोस्ट कर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर तमाम बीजेपी नेता तक अयोध्या से जुड़ा वीडियो शेयर करते रहते हैं। गौरतलब है कि इसी साल की शुरुआत में जनवरी महीने की बात है जब त्रिपुरा की एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि राहुल गांधी सुन लें जनवरी 2024 में बन जाएगा रामलला का मंदिर। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि 2019 के चुनाव के दौरान जब मैं बीजेपी का अध्यक्ष था और राहुल बाबा कांग्रेस अध्यक्ष थे। वे रोज पूछते थे मंदिर वहीं बनाएंगे तिथि नहीं बताएंगे। अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो अगले साल 1 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर आपको तैयार मिलेगा।

उधर, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी कहते हैं कि राम मंदिर का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। भारतीय हजारों वर्षों से राम की पूजा करते आ रहे हैं। अचानक, मोदी राम भक्त बन गए हैं और देश को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन के लिए केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही निमंत्रण क्यों दिया गया है? विपक्षी दलों के नेताओं ने सवाल किया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक पार्टी कार्यक्रम बन जाएगा? कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने पूछा कि क्या सिर्फ एक ही पार्टी को निमंत्रण भेजा जा रहा है? क्या यह अब एक पार्टी कार्यक्रम बन गया है? भगवान सबके हैं। हर पार्टी को निमंत्रण मिलना चाहिए था। एक तरफ गैर बीजेपी पार्टियां इस बात से गुस्से में हैं कि बीजेपी रामलला के नाम पर सियासत कर रही है वहीं बीजेपी पर्दे के पीछे से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के काम को चुनावी इवेंट बनाने में लगी है। इसी कड़ी में अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनकी चरण पादुकाएं भी रखी जाएंगी। फिलहाल ये पादुकाएं देशभर में घुमाई जा रही हैं। पादुकाएं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगी। ये चरण पादुकाएं एक किलो सोने और सात किलो चांदी से बनाई गई हैं। इन्हें हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने बनाया है। 17 दिसंबर को इन्हें रामेश्वर धाम से अहमदाबाद लाया गया था। यहां से यह सोमनाथ ज्योतिर्लिंग धाम, द्वारकाधीश नगरी और इसके बाद बद्रीनाथ ले जाई जाएंगी। श्रीचल्ला श्रीनिवास इन पादुकाओं को हाथ में लेकर अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर की 41 दिन की परिक्रमा भी कर चुके हैं। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है, इसके लिए पटना के महावीर मंदिर में तैयारी चल रही है। अयोध्या में इस महा आयोजन में शामिल होने वाले भक्तों को अपनी राम रसोई से स्वादिष्ट भोजन कराया जायेगा। 15 जनवरी से हर महीने 6 लाख लोगों को भोजन कराने की तैयारी है। सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाली राम रसोई अयोध्या में बिहार की खास पहचान बनेगी। वहीं श्रीराम मंदिर परिसर में 10 हजार स्क्वॉयर फीट में राम रसोई बनाने का प्लान भी है। अभी राम लला के सामने स्वर्णिम दीपक भी महावीर मंदिर से भेजे गए गाय के घी से जलाया जाएगा। वहीं सात समुंदर पार अमेरिका में रह रहे हिंदू समुदाय ने वॉशिंगटन डीसी में फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड में एक कार रैली का आयोजन किया। इसके साथ ही यहां एक महीने तक राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत की हो गयी है। रैली के लिए सभी श्री भक्त अंजनेय मंदिर में इकट्ठा हुए। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक के लिए अयोध्या और हिन्दुत्व को फिर से बीजेपी ने अपने एजेंडे में शामिल कर लिया है।




# बड़े बाजार के रूप में स्थापित हो चुका भारत अब विनिर्माण का केंद्र भी बनता जा रहा है



प्रह्लाद सबनानी

**विभिन्न प्रकार के आईफ़ोन, लैपटॉप, टेबलेट आदि उच्चत्तम स्तर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद का निर्माण करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कम्पनियों में से एक ÷ऐपल÷ भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना कर रही है एवं आईफ़ोन का निर्माण तो भारत में प्रारम्भ भी कर दिया है।**

वैश्विक स्तर पर भारत एक बड़े बाजार के रूप में स्थापित होने के बाद अब एक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। आज चीन के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर कम हो रही है, इसके ठीक विपरीत भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर लगातार बढ़ रही है। चीन में हाल ही के समय में कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का विदेशी निवेश चीन से बाहर निकाल लिया है। ये बहुराष्ट्रीय कम्पनियां चीन में अपनी विनिर्माण इकाईयों को बंद कर अन्य देशों की ओर रूख कर रही हैं। इनमें से अधिकतर बड़ी बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत की ओर भी आ रही हैं एवं अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना यहां कर रही हैं। अब तो भारत का ÷मेक इन इंडिया÷ ब्राण्ड चीन के मेड इन चाइना ब्राण्ड पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है।

विभिन्न प्रकार के आईफ़ोन, लैपटॉप, टेबलेट आदि उच्चत्तम स्तर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद का निर्माण करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कम्पनियों में से एक ÷ऐपल÷ भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना कर रही है एवं आईफ़ोन का निर्माण तो भारत में प्रारम्भ भी कर दिया है। वर्ष 2024 में एप्पल कम्पनी भारत में एक लाख करोड़ रुपए के आई फोन का उत्पादन करेगी, ऐसी योजना इस कम्पनी ने बनाई है। इन आईफ़ोन का न केवल भारत में निर्माण किया जा रहा है बल्कि भारत में निर्मित इन आईफ़ोन को विश्व के कई देशों, विकसित देशों सहित, को निर्यात भी किया जा रहा है। वर्ष 2014 में भारत में केवल 6 करोड़ मोबाइल फोन का निर्माण प्रतिवर्ष हो रहा था जो आज बढ़कर 30 करोड़ से अधिक मोबाइल फोन प्रतिवर्ष हो गया है। इसी प्रकार चीन, जापान एवं दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कम्पनियों में से एक ÷सैमसंग÷ नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी भी भारत में ही मोबाइल फोन का निर्माण कर रही है और अपने ही देश यथा जापान एवं दक्षिण कोरिया को मोबाइल फोन का भारत से निर्यात भी कर रही है। अर्थात, इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा भारत में उत्पादों का निर्माण कर अपने ही देश को भारत से निर्यात किया जा रहा है। 4 वर्ष पूर्व तक भारत अपनी मोबाइल फोन की कुल आवश्यकता का 81 प्रतिशत भाग अन्य देशों से आयात करता था परंतु अब अपने देश में 100 प्रतिशत आपूर्ति करने के बाद अपने कुल उत्पादन का 25 प्रतिशत भाग निर्यात करता है।

अमेरिका की ÷डेल÷ एवं ÷एचपी÷ नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भी भारत में आईटी हार्डवेयर का निर्माण करने हेतु विनिर्माण इकाईयों की स्थापना कर रही हैं। अमेरिका की इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को भारत में विनिर्माण इकाई स्थापित करने हेतु अनुमति भी मिल चुकी है। चीन की एक ÷लेनोवो÷ नामक कम्पनी भी भारत में आईटी हार्डवेयर निर्माण हेतु एक इकाई की स्थापना करने जा रही है। जबकि उक्त समस्त बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की चीन में विनिर्माण इकाईयां पूर्व से ही स्थापित हैं, परंतु अब चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के उद्देश्य से चीन+1 पॉलिसी के तहत यह समस्त कम्पनियां भारत में भी अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना कर रही हैं।

इसी प्रकार, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भी भारत विनिर्माण केंद्र के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। अब भारत में निर्मित कारें पूरी दुनिया में बिक रही हैं। जापान की बहुत बड़ी कार निर्माता कम्पनी ÷सुजुकी÷ नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी भारत में कारों का निर्माण कर विश्व के 100 से अधिक देशों को निर्यात कर रही है। जापान की हुण्डाई, होण्डा एवं सुजुकी नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत को अपना ऑटोमोबाइल केंद्र बना रही हैं। हुण्डाई तो भारत में अपने कुल उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत भाग निर्यात कर रही है। ये समस्त कम्पनियां जापान की हैं और भारत में करों का निर्माण कर जापान को ही निर्यात कर रही हैं।

कपड़ों के निर्माण करने वाले बड़े बड़े अंतरराष्ट्रीय ब्राण्ड भी कपड़ों का उत्पादन करने हेतु अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में कर रही हैं। आज भारत से भारी मात्रा में कपड़ों का निर्यात पूरे विश्व को किया जा रहा है। दवाईयों एवं टीकों के निर्माण के क्षेत्र में भारत पहिले से ही वैश्विक स्तर पर एक शक्ति के रूप में अपने आप को स्थापित कर चुका है। हाल ही के समय में, भारत सुरक्षा के क्षेत्र में भी अपनी पैठ बना रहा है एवं भारत ने 85 देशों को 16,000 करोड़ रुपए के उपकरण एवं हथियार निर्यात किए हैं। सेमी-कंडकटर चिप का निर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भी अब भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने जा रही हैं। ÷मेक इन इंडिया÷ अब बहुत बड़ी ताकत बनता जा रहा है। उक्त वर्णित कारकों के चलते वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2023) के दौरान भारत में उद्योग के क्षेत्र में 13.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि विनिर्माण के क्षेत्र में 13.9 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज हुई है और इससे उद्योग के क्षेत्र में भी अब रोजगार के भरपूर अवसर निर्मित हो रहे हैं।

चीन से विनिर्माण इकाईयों के अन्य देशों में स्थानांतरित होने के पीछे दरअसल चीन की नीतियां ही अधिक जिम्मेदार हैं। एक तो चीन में श्रम की लागत बहुत तेजी से बढ़ी है और अब कई कम्पनियों की इसके चलते उत्पादन लागत बढ़ रही है और उनकी लाभप्रदता पर विपरीत असर पड़ रहा है। दूसरे, चीन में सस्ते युवा श्रम की संख्या लगातार कम हो रही है क्योंकि चीन में जन्म दर बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है और बुजुर्गों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चीन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों पर पैनी नज़र रखता है और कब किस कम्पनी पर किस कारण से किस प्रकार का जुर्माना लगाया जाएगा, कुछ पता नहीं रहता है। इस कारण से कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की चीन पर विश्वसनीयता भी कम हो रही है। चीन के अपने लगभग समस्त पड़ोसी देशों के साथ सम्बंध अच्छे नहीं हैं तथा चीन कई छोटे छोटे देशों पर अपनी चौधराहट स्थापित करना चाहता है, इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन ने विभिन्न देशों के बीच अपनी साख खोई है। इन समस्त कारणों से आज कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां चीन से अपना व्यवसाय समेट कर अन्य देशों की ओर रुख कर रही हैं। इस सबका फायदा अन्य देशों के साथ-साथ भारत को भी हो रहा है और कई नामी गिरामी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में अपने विनिर्माण इकाईयां स्थापित कर रही हैं। दरअसल भारत में केंद्र सरकार की उद्योग मित्र नीतियां भी इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को भारत की ओर आकर्षित कर रही हैं। साथ ही, भारत में पिछले कुछ वर्षों के दौरान आधारभूत सुविधाएं बहुत तेजी से विकसित हुई हैं तथा भारत में सस्ता श्रम भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

कभी अमेरिका भी वैश्विक स्तर पर विनिर्माण इकाईयों का केंद्र हुआ करता था। बाद में यूरोप भी विनिर्माण इकाईयों का केंद्र बन गया था। आज चीन विनिर्माण इकाईयों का केंद्र बना हुआ है। अब आगे आने वाले समय में भारत विनिर्माण इकाईयों का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। अमेरिका एवं यूरोप के विकसित देश आज सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च स्तरीय तकनीक के उपयोग में बहुत आगे हैं, परंतु, इन देशों को इस स्थिति में पहुंचने के पूर्व अपने विनिर्माण इकाईयों के केंद्र के रुतबे को खोना पड़ा था। वही स्थिति अब चीन की भी होती दिख रही है। परंतु, भारत के साथ एक लाभ यह भी है कि भारत पहले से ही सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी धाक वैश्विक स्तर पर स्थापित कर चुका है अतः भारत यदि विनिर्माण इकाईयों का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है तो यह भारत के लिए एक अतिरिक्त उपलब्धि मानी जानी चाहिए।

## फैशन ब्यूटी......................

# 30 के बाद अपनी स्किन का ऐसे रखें ख्याल, हमेशा खिली-खिली रहेगी आपकी त्वचा



अनन्या मिश्रा

यंग दिखने के लिए अनजाने में ही सही अक्सर महिलाएं गलत चीजों का उपयोग करने लगती हैं। जिसके कारण 30 की उम्र में महिलाओं की स्किन 40-50 की नजर आने लगती है। हम आपको 30 की उम्र वाली महिलाओं के लिए स्किन केयर रूटीन के बारे में बताने जा रहे हैं।

बढ़ती उम्र के साथ ही हमारी त्वचा पर भी इसका असर साफ तौर पर दिखाई देने लगता है। 30 की उम्र तक आते-आते त्वचा पर हमारी उम्र का असर पड़ने लगता है। ऐसे में कई महिलाएं इसे दूर करने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स और एंटी एजिंग क्रीम का इस्तेमाल करती है। जिसे फॉलो करने से आपको भी फायदा मिल सकता है।

### ब्लीच से बनाएं दूरी

बता दें कि महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए ब्लीच का सहारा लेती हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि यह एक उम्र के बाद यह आपकी खूबसूरती पर उल्टा प्रभाव डाल सकती है। 30 साल की उम्र के बाद आपके चेहरे पर झुर्रियां आना स्वाभाविक होता है। ऐसे में अगर आप 30 की उम्र में भी ब्लीच करवाती हैं तो यह आपकी त्वचा की इलास्टिसिटी को कमजोर कर देता है। साथ ही यह झुर्रियों के बढ़ने का कारण भी बन जाता है।

### ना करें वाइप्स का इस्तेमाल

हम मेकअप रिमूव करने के लिए आसान सा ऑप्शन वाइप्स चुनते हैं। लेकिन बता दें कि एक उम्र के बाद वाइप्स आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। यह एक समय के बाद आपकी स्किन को ढीला करता है। आपकी स्किन के लचीलेपन को वाइप्स कम कर सकता है। जिसके कारण स्किन ढीली नजर आने लगती है और झुर्रियां पड़ने लगती हैं। इसलिए मेकअप साफ करने के लिए आप नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकती है। या फिर मेकअप रिमूवर के लिए क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### क्लींजिंग टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग

क्लींजिंग टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग को बढ़ती उम्र में कभी भी स्किप ना करें। यह आपकी स्किन को जवां और खूबसूरत बनाने में मदद करती है। इसलिए कभी भी इन दोनों स्टेप्स को स्किप नहीं करनी चाहिए। रोजाना इस स्किन रूटीन को फॉलो करने से आपकी त्वचा निखरी नजर आएगी।

### इन बातों का रखें खास ख्याल

आपको रोजाना सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए। बता दें कि बढ़ती उम्र के साथ स्क्रन नंबर भी बदलता रहता है। इसलिए आप डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको झुर्रियां और फाइन लाइंस ना हों, इसलिए फेशियल मसाज कर सकती हैं। फेशियल मसाल से आपकी त्वचा ढीली नहीं पड़ती है।

बढ़ती उम्र के साथ ही अपनी स्किन को हमेशा मॉइश्चराइज रखना चाहिए। क्योंकि ड्राई स्किन के कारण कई तरह की समस्या हो सकती है। आप फेस क्लीनअप और फेशियल भी ले सकती हैं। आप क्लीनअप और फेशियल की मदद से अपनी स्किन को साफ और जवां रख सकती हैं।

# ट्रीटमेंट से एक्ट्रेस की तरह हो जाएंगे शाइनी बाल



अनन्या मिश्रा

**प्रदूषण की वजह से हमारे बाल दूषित होने के साथ कमजोर और डैमेज हो जाते हैं। जिसके कारण लोग तेजी से गंजेपन का शिकार भी हो रहे हैं। ऐसे में बालों की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए हेयर बोटॉक्स एक अच्छा ऑप्शन है।**

हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट के बारे में आपने पहले भी सुना होगा। बता दें कि कुछ साल पहले बालों का यह चलन सामने आया। कई मशहूर हस्तियां भी इस ट्रीटमेंट का यूज कर रहे हैं। आमतौर पर जिन लोगों के बाल पतले और सूखे होते हैं। इस ट्रीटमेंट के बाद उनके बालों में नेचुरल शाइन आ जाता है। प्रदूषण की वजह से हमारे बाल दूषित होने के साथ कमजोर और डैमेज हो जाते हैं। जिसके कारण लोग तेजी से गंजेपन का शिकार भी हो रहे हैं। ऐसे में बालों की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए हेयर बोटॉक्स एक अच्छा ऑप्शन है।

हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट में आपके बालों की गहराई से कंडीशनिंग करता है। इस प्रोसेस में आपके बालों पर केमिकल फ्री प्रोडक्ट्स के साथ कोटिंग की जाती है। इससे आपके घुंघराले और डैमेज बालों की गहराई से कंडीशनिंग होती है। इस प्रोसेस के दौरान बाल काफी हद तक स्ट्रेट हो जाते हैं। बालों की डीप कंडीशनिंग के साथ इन्हें रिपेयर करने में मदद करता है। लेकिन इसको कराने से पहले जरूरी है कि बालों की क्वालिटी को देखकर इसको करवाया जाए।

### शाइनी हो जाएंगे बाल

हेयर बोटॉक्स खोई हुई चमक को वापस लाने और बालों को तीव्र हाइड्रेशन से भर देता है। यह आपको बालों को काफी हेल्दी ट्रीटमेंट देने का काम करता है। बालों का बोटॉक्स उपचार गहरी कंडीशनिंग है, जो बालों को युवा बनाने और उनको बहाल करने का काम करता है।

### हेयर बोटॉक्स और इसके फायदे के बारे में

हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट आपके बालों को मुलायम बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही प्रोडक्ट को एक घंटे ज्यादा समय तक लगाने के बाद फ्लैट आयरन का इस्तेमाल करके छल्ली में सील कर दिया जाता है। हांलाकि यह आपके बालों की बनावट को पूरी तरह से नहीं बदलेगा। यह आपके बालों को चिकना और शाइनी कर सकता है। हेयर बोटॉक्स के बाद आपको बालों को स्टाइल करने के लिए हीट स्टाइलिंग टूल के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

### हेयर बोटॉक्स के नुकसान

हांलाकि हेयर बोटॉक्स सेशन थोड़ा महंगा हो सकता है। इस ट्रीटमेंट के आधार पर हेयर बोटॉक्स की कीमत 11000 से 23000 रूपए के बीच हो सकती है। लेकिन इसका एक सेशन लेना कापी नहीं होता है। बालों को शाइनी और हेल्दी बनाने के लिए आपको दो से तीन सेशन लेने की जरूरत होती है। इस ट्रीटमेंट में किसी भी तरह के इंजेक्शन का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

# पिंपल्स से खराब हो रहा है पूरा फेस तो अपनाएं ये तरीके



अनन्या मिश्रा

**आप किसी फंक्शन में जा रहे होते हैं पर आपके चेहरे पर निकली हुई फुंसी या लंबे समय से पैठ जमाया हुआ फोड़ा आपके अच्छे खासे प्लान को खराब कर देता है। आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताएंगे। जिससे आपको जल्द से जल्द छुटकारा मिल जाएगा और आपका चेहरा बेदाग हो जाएगा।**

आप किसी फंक्शन में जा रहे होते हैं पर आपके चेहरे पर निकली हुई फुंसी या लंबे समय से पैठ जमाया हुआ फोड़ा आपके अच्छे खासे प्लान को खराब कर देता है। ऐसे में आप मुंहासों से जल्द से जल्द छुटकारा पाना चाहेंगी। मुंहासे त्वचा की सतह पर निकले हुए सफेद या लाल रंग के दाने होते हैं। जिनमें मवाद और पस जमा होता है। इन पके हुए दाने को दबाने से मवाद निकलने लगता है, जिससे गड्ढा सा बन जाता है।

इसीलिए मुंहासों को दबाकर कभी नहीं हटाना चाहिए नहीं तो उस जगह पर पिंपल्स के निशान बन जाते हैं और जल्दी हल्के नहीं होते हैं। इससे चेहरे पर दाग बन जाते हैं। अगर आप भी पिंपल्स से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आप भी घरेलू उपाय कर सकते हैं। आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताएंगे। जिससे आपको जल्द से जल्द छुटकारा मिल जाएगा और आपका चेहरा बेदाग हो जाएगा।

### मुंहासों के लिए घरेलू उपाय

**बेसन-** घरेलू उपाय में पिंपल्स को दूर करने के लिए बेसन का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके उपयोग के लिए एक चम्मच बेसन में पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसके बाद उस पेस्ट को अपने चेहरे पर 10 मिनट तक लगाए रखें और फिर हल्के हाथों से अपने चेहरे को धीरे-धीरे धो लें। यह आपकी

### हफ्ते भर में मिलेगी बेदाग स्किन

ऑयली स्किन से पिंपल्स को हटाने का सबसे बेहतरीन नुस्खा है।

**हल्दी और शहद-** हल्दी एंटी-इंफ्लेमेटरी जैसे गुणों से भरपूर होती है। इसलिए यह स्किन पर पिंपल्स को सिकोड़ देती है। जबकि शहद स्किन से बैक्टीरिया को हटाता है। इसके लिए आप आधा चम्मच हल्दी में एक चम्मच शहद मिलाकर गीले चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट तक लगाकर रखें। इस उपाय को करने से ना सिर्फ आपके चेहरे पर निखार आएगा, बल्कि पिंपल्स से छुटकारा भी मिल जाएगा।

**ओट्स-** ओट्स के उपयोग से भी पिंपल्स की समस्या दूर हो जाती है। फेस की स्किन पर एक्सेस ऑयल भी पिंपल्स के कारण ही आता है। लेकिन ओट्स त्वचा से ऑयल सोखता है और पिंपल्स को दूर करता है। पिंपल्स से निजात पाने के लिए पिसे ओट्स में थोड़ा सा बेसन मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर अप्लाई करें। फिर इसके बाद फेस को धो दें।

**दही-** त्वचा पर दही लगाने से डेड स्किन सेल्स हट जाते हैं और स्किन में निखार आता है। दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है। दही के एंटी-बैक्टीरियल भी बहुत अच्छा असर दिखाते हैं। आधा कप दही लेकर चेहरे पर लगाएं। इसके बाद अपने चेहरे को 10 मिनट बाद धो लें। मुंहासों को हटाने के लिए हर दूसरे दिन दही का प्रयोग करें।

**एलोवेरा-** ऐलोवेरा कई मायनों में हमारी स्किन के लिए फायदेमंद होता है। इसी तरह आप ऐलोवेरा का इस्तेमाल पिंपल्स की समस्या को दूर करने के लिए भी कर सकती हैं।

पिंपल्स को हटाने के लिए आप ताजे ऐलोवेरा के गूदे का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। इसके अलावा आप फोड़े-फुंसियों पर भी ऐलोवेरा का गूदा लगा सकते हैं।

इस उपाय को करने से ना सिर्फ पिंपल्स की समस्या दूर होगी, बल्कि आपको साफ और निखरी स्किन मिलेगी।

# इस साल मेकअप से जुड़े ये ट्रेंड्स हो रहे हैं पॉपुलर, आप भी जरूर करें ट्राई



अनन्या मिश्रा

अगर आप भी किसी पार्टी, फंक्शन या शादी अटेंड करने की तैयारी कर रही हैं। तो इसमें सिर्फ अच्छे कपड़े पहनना ही काफी नहीं होता है। अपने पूरे लुक को बेहतर करने के लिए थोड़ा मेकअप का होना भी जरूरी होता है। हांलाकि लड़कियों का मेकअप के लिए प्यार तो जग जाहिर है। ऐसे में हर साल मेकअप का ट्रेंड बदलता रहता है। इसलिए यह पता होना बेहद जरूरी होता है कि किस तरह का मेकअप आपके लुक को और भी ज्यादा निखारने का काम करता है। साथ ही इस साल मेकअप का ट्रेंड क्या चल रहा है। ऐसे में अगर आप भी जानना चाहती हैं कि इस साल कौन सा मेकअप ट्रेंड में चल रहा है तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं।

### ब्लश ड्रेपिंग

ब्लश के साथ मेकअप का रिश्ता काफी पुराना है। पहले के समय सिंदूर को चीक्स पर लगाकर ब्लश की तरह इस्तेमाल किया जाता था। जिससे कि आपके चीक्स पिंक नजर आए। लेकिन अब आपको मार्केट में कई तरह के ब्लशर मिल जाएंगे। ब्लश को चीकबोन्स से लेकर सी-शेप में लगाया जाता है।

### वेट मेकअप लुक

पिछले कुछ समय से ब्यूटी मार्केट में वेट हेयर लुक दस्तक दे रहा है। ऐसे में आप भी वेट मेकअप लुक के लिए मैट प्रोडक्ट के पीछे दौड़ना छोड़ दीजिए। इसके लिए आप सीरम, फाउंडेशन और लिक्विड हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपको ग्लॉसी और चमकदार फिनिश मिलेगा। जो आपके लुक को परफेक्ट बनाने में मदद करता है।

### एम्बेलिश्ड ब्यूटी

पॉप कल्चर आ जाने से मेकअप में भी पॉप कलर्स या नियॉन कलर्स ने अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है। इसके लिए आंखों को एम्बेलिश्ड रखने के लिए आईशैडो लगाने के बाद उस पर स्टोंस और पर्ल से क्रिएट किया जा रहा है। आई मेकअप का यह ट्रेंड पूरे साल काफी हाइलाइट रहा है।

### ब्राउनी लिप्स

मार्केट में लिप्स के लिए कई तरह के लिप कलर, लिप बाम, लिप पेंट, लिप टिंटेड लिपस्टिक के ऑप्शन में मिल जाएंगे। लेकिन यह सारे ऑप्शन मार्केट में आए और गए। लेकिन इस साल न्यूड लिप और लिप बाम या टिंटेड लिप मॉयस्चराइजर का ट्रेंड रहने वाला है। जहां आंखों के मेकअप के लिए कई सारे एक्सपेरिमेंट्स किए जा रहे हैं तो वहीं लिप्स न्यूड और डल रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर ट्रैक्टर की बैटरी की चोरी

**राठ।** कस्बे के बजरिया इलाके में अज्ञात चोरों ने एक ट्रैक्टर में लगे ताले को तोड़कर ट्रैक्टर की बैटरी को चोरी कर वारदात का अंजाम दे डाला। घटना के बाद ट्रैक्टर मालिक ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। राठ कस्बे के बजरिया इलाके के निवासी फैजान पुत्र फरीद अहमद ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका ट्रैक्टर उसके घर के बाहर खड़ा हुआ था। बताया कि अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर में लगे ताले को तोड़कर उसके ट्रैक्टर से बैटरी को चोरी कर वारदात को अंजाम दे डाला। बताया कि उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### 53 माध्यमिक विद्यालयों में बनकर तैयार हुए रोड़ सेफ्टी क्लब

**हमीरपुर।** जनपद के 53 माध्यमिक विद्यालयों में रोड़ सेफ्टी क्लब की स्थापना की गई है। इनके निगरानी के लिए एक शिक्षक को नोडल बनाकर परिवहन विभाग ने प्रशिक्षित किया है। साथ ही प्रत्येक क्लास में एक-एक छात्र को रोड़ सेफ्टी कैप्टन नियुक्त किया गया है। जो प्रतिदिन बच्चों को नियमों की जानकारी दे रहे हैं।

अप्रशिक्षित हाथों में वाहन की स्टेयरिंग से बढ़ रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत अब 18 साल से कम उम्र के किशोर स्कूटी व कार नहीं चला सकेंगे। उन्हें वाहन देने वाले वाहन मालिकों व अभिभावकों को तीन साल की सजा व 25 हजार के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। इसको लेकर परिवहन विभाग की मदद से माध्यमिक विद्यालयों में सख्ती होगी। विद्यालयों में एक सत्र सड़क सुरक्षा की जानकारी के लिए भी लगेगी। हर विद्यालय में एक शिक्षक को नोडल बनाकर परिवहन विभाग के सहयोग से ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया गया है। रोड सेफ्टी क्लब के गठन के लिए स्कूलों को पांच-पांच हजार व दीवारों पर यातायात नियम व स्लोगन लिखवाने के लिए प्रति विद्यालय 500 रुपये मिलेंगे। जिसके लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने डीआईओएस सहित समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन व प्रवर्तन को निर्देश जारी किए हैं।

परिवहन विभाग के सहयोग से जनपद के 53 माध्यमिक विद्यालयों में रोड़ सेफ्टी क्लब की स्थापना कराई गई है। कहा कि यातायात विभाग के सहयोग से नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। कहा कि प्रतिदिन बच्चों को सड़क नियमों के प्रति जागरुक करने के साथ ही नियमों का पालन कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**केके ओझा, डीआईओएस**

### खंभे के सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आया युवक की करंट से मौत

**मौदहा।** बिजली के खंभे में लगे सपोर्टिंग वायर की चपेट में आया युवक बुरी तरह से गंभीर हो गया। जिसे परिजन कस्बे के सरकारी अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिंवार थानाक्षेत्र के ग्राम सायर निवासी देवीदीन (20) दुर्गा प्रसाद गुप्ता सोमवार सुबह गांव में लगे बिजली के पोल के सपोर्टिंग वायर में उतरे करंट की चपेट में आ गया। जिसे गंभीर हालत परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रशासन की सूचना पर पहुंची बिंवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने परिवार में चार बहनों के बीच इकलौता भाई था। जबकि परिजनों के साथ मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाता था। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि ड्यूटी में लगे डाक्टरों ने मृत घोषित किया है। अस्पताल आने से पहले युवक की मौत हो चुकी थी। जबकि थाना प्रभारी बिंवार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस को भेजा गया है। पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल किसी तरह की तहरीर नहीं मिली है।

### दो ट्रकों की सीधी टक्कर, तीन घायल, हाईवे रहा जाम

**मौदहा।** कोहरे के कारण सोमवार तड़के दो ट्रकों में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें जहां तीन लोग घायल हो गए, तो वहीं कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। सोमवार तड़के नेशनल हाईवे 34 पर मकरांव के निकट कोहरे के कारण दो ट्रकों में सीधे टक्कर हो गई। जिसमें मवइया निवासी नीरज (20) पुत्र रमेश और उन्नाव निवासी विपनेश (22) पुत्र लल्लू और लवकुश (22) पुत्र राजबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से नीरज को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं नेशनल हाईवे पर हुई दो ट्रकों की टक्कर से कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे पर जाम लगा गया।

### बाइक में टैक्टर की टक्कर से घायल युवक की पत्नी दर्ज कराई रिपोर्ट

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के पतारा गांव में बाइक से बाजार से घर जा रहा युवक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से घायल हो गया। घायल की पत्नी ने थाने में ट्रैक्टर नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के पतारा गांव निवासी ज्योति ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 26 दिसंबर को उनके पति रामकरन व रघुनाथ पुत्र रामनाथ प्रजापति कुरारा से दुकान का सामान लेकर बाइक से गांव आ रहे थे। तभी पेट्रोल पंप के आगे आउट साइड से गिट्टी सीमेंट सरिया लादे हुए ट्रैक्टर ने लापरवाही से टक्कर मार दी। जिससे उनके पति रामकरन को गंभीर चोट आई थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उपचार के बाद भगवान भरोसे छोड़ा गया गोवंश

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पशु चिकित्सकों की उदासीनता के चलते एक गोवंश ब्लॉक कार्यालय के गेट में ठंड की चपेट में आकर दम तोड़ने को मजबूर है। सूचना के बाद पशु चिकित्सकों ने इंजेक्शन लगाकर उपचार तो कर दिया है लेकिन बचाव के कोई इंतजाम नहीं कराए। पिछले दो दिनों से एक गोवंश ब्लॉक गेट के ठीक बगल में ठंड की चपेट में आकर बीमार पड़ा है। सोमवार को लोगों ने इसकी सूचना ब्लॉक कार्यालय के बगल में संचालित पशु चिकित्सालय को दी। सूचना पाकर पशु चिकित्सकों ने बीमार गोवंश को उपचार तो कर दिया लेकिन उसके बचाव, खानपान के किसी तरह के इंतजाम न करके उसे भगवान भरोसे छोड़ दिया। उपचार के बाद बीमार गोवंश शाम तक खड़ा नहीं हो सका था।

### होमगार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत,परिजनों में मचा कोहराम

**राठ।** क्षेत्र के जरिया थाना में डायल 112 की पीआरवी में तैनात एक होमगार्ड की अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने के चलते मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक होमगार्ड के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक होमगार्ड के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के गोहांड कस्बे के गांधीनगर इलाके का निवासी 46 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र चंद्रभान राजपूत जो कि जरिया थाने में डायल 112 की पीआरवी में तैनात था। जिनकी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने के चलते मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश जरिया थाने में ड्यूटी करने के लिए गया हुआ था तभी ड्यूटी के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई। बताया कि हालत बिगड़ने पर उसके साथ में मौजूद लोगों ने उसे घर छोड़ दिया। जिसके बाद उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया कि मृतक ओमप्रकाश के पिता चंद्रभान राजपूत के पास 35 बीघा कृषि भूमि है जिसमें की गई खेती किसानी से परिवार का भरण पोषण होता था। बताया कि मृतक ओमप्रकाश अपने पीछे 1 पुत्र रानू और एक पुत्री गोल्डी सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक होमगार्ड के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## सिस्टम बदहाल, प्रसूताओं को मिल रही सिर्फ सब्जी दाल

### प्रतिदिन सौ रुपये मिल रहे हर मरीज के हिसाब से, निर्धारित मेन्यू के मुताबिक नहीं मिलता पोषण युक्त भोजन

**हमीरपुर।** प्रसूताओं की सेहत को जल्द बेहतर बनाने के लिए शासन द्वारा अस्पतालों में पोषण युक्त भोजन देने के निर्देश हैं। लेकिन, जिला महिला अस्पताल में प्रसूताओं को जो भोजन दिया जा रहा है। उसमें अंडा, फल, दूध, ब्रेड, मख्खन जैसे सभी पोषक वस्तुएं गायब हैं। जिन्हें सब्जी, दाल, रोटी व एक समय दूध व दलिया ही मात्र परोसा जा रहा है।

जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती होती है, तो उसे पोषण युक्त भोजन व नाश्ता निशुल्क देने का नियम है। यह भोजन ठेकेदार के हवाले है। प्रसूताओं को दाल, सब्जी, रोटी, दलिया व एक बार दूध तो मिल रहा है। लेकिन, अंडा, फल, ब्रेड, मख्खन थाली से गायब हैं। यही हाल जिले की अन्य सीएचसी में भी हैं। जिसकी अमर उजाला टीम ने पड़ताल की तो हकीकत निकल कर सामने आई है।

**100 रुपये की दर से मिलता भुगतान**

शासन स्तर से प्रत्येक प्रसूता के लिए 100 रुपये भोजन के हिसाब से मिलता है। इसमें सभी को पोषणयुक्त भोजन दिए जाने का प्रावधान है। एक अनुमान के मुताबिक 20 से 30 फीसदी गर्भवती व प्रसूता अस्पताल से मिलने वाला भोजन लेते ही नहीं हैं। जो ले रहे हैं, उन्हें केवल सादा भोजन के अलावा कुछ नहीं दिया जा रहा है।

**शासन द्वारा निर्धारित मेन्यू**

नाश्ता- सुबह सात से आठ बजे एक गिलास दूध के साथ दो अंडे, दलिया, चार ब्रेड व 10 ग्राम मख्खन दिया जाना चाहिए।

भोजन- दोपहर एक से दो बजे तक चार रोटी, दाल, मौसमी सब्जी, चावल, सलाद व दही।

भोजन- शाम सात से आठ बजे तक चार रोटी, मौसमी सब्जी, चावल, मौसमी फल व एक गिलास दूध तय है।

**नाश्ते में चाय, दलिया व दूध**

सुबह के नाश्ते में केवल चाय, दलिया व दूध दिया गया। दोपहर के भोजन में रोटी, दाल, सब्जी दी गई है। कहा कि मख्खन व दही तो दूर की बात है।

**रचना, निवासी रामपुर, जिला कानपुर नगर**

**क्या है मेन्य उसे नहीं मालूम**

शासन से क्या मेन्यू निर्धारित है। उसे मालूम नहीं है। अंडा, ब्रेड, मख्खन व फल नहीं मिलते हैं। केवल दाल, रोटी व सब्जी मिलती है। सुबह नाश्ते में दलिया व दूध मिल जाता है।

शबनम, शिवनी कुरारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार गर्भवतियों व प्रसूताओं को कैंटीन से भोजन दिया जा रहा है। कहा कि दूध एक बार देना है या दो बार उन्हें मालूम नहीं है। मैदा से बनी वस्तुएं न देने की रोक है। फलों में केला दिए जाते हैं। कहा कि शासन से 100 रुपया से कुछ कम निर्धारित है। कहा कि अभी तक भोजन के मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर शिकायत है तो जांच कराई जाएगी।

**फौजिया अंजुम नोमानी, सीएमएस, महिला जिला अस्पताल**

## अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के लहरा गांव में अज्ञात कारणों के चलते 55 वर्षीय अधेड़ ने घर में लगी बल्ली से रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। लहरा गांव निवासी नेक मोहम्मद (55) ने शनिवार की रात्रि अपने घर में लगी बल्ली में रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा। जिससे उसकी मौत हो गई। जब मृतक के पुत्रों ने सुबह 9 बजे तक कमरे के दरवाजे न खुले तो खिड़की से झांककर देखा तो वह फंदे से लटक रहे थे। सूचना पर पहुंचे बेरी चौकी इंचार्ज संगम लाल प्रजापति ने शव को फंदे से नीचे उतारकर कर पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

## गेहूं खरीद में बदला समय, अब 15 मार्च से शुरू होगी खरीद

**हमीरपुर।** शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूं की खरीद अवधि में बदलाव किया गया है। जिसमें अब एक अप्रैल की जगह 15 मार्च से खरीद प्रारंभ की जाएगी। वहीं शासन द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य पर 150 रुपये की वृद्धि की है। जो समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी घनश्याम वर्मा ने बताया कि जिले में इस बार 15 मार्च 2024 से गेहूं केंद्र खोले जाएंगे। जिसके लिए सभी तैयारिया शुरू कर दी गई हैं। बताया कि गेहूं खरीद के लिए खाद्य विभाग द्वारा आठ प्रस्ताव दिए गए हैं। साथ ही क्रय एजेंसियों को गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने के लिए पत्र जारी किए गए हैं। आगामी 20 जनवरी तक क्रय केंद्रों का निर्धारण जिलाधिकारी के अनुमोदन द्वारा कराया जाना है। बताया कि गेहूं बिक्री के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल द्धष्द्य.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिसका पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा कराया जा सकता है। वहीं धान खरीद वर्ष 2023-24 में किसानों द्वारा किए गए पंजीकरण को गेहूं खरीद वर्ष 2024-25 में प्रयुक्त किया जाएगा। साथ ही किसान के वृद्ध व असहाय होने की दशा में पंजीकरण कराते समय अपना नामिनी अवश्य नामित कराएं। कहा कि किसानों के आधार सीडेड (लिंक) बैंक खातों में ही भुगतान हो सकेगा। कहा कि किसी भी सहायता के लिए खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 या जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लाक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

## ज्वार का लक्ष्य तीन हजार एमटी, खरीद हुई मात्र 681 एमटी

### समर्थन मूल्य कम होने से प्राईवेट मंडियों में किसानों ने बेची अधिक ज्वार, धान की चल रही खरीद

**हमीरपुर।** मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए शासन के निर्देश पर जिले में पहली बार समर्थन मूल्य पर ज्वार की खरीदारी की गई। जो लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम रही। एक अक्तूबर से जिले के चार केंद्रों पर तीन हजार लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 681 एमटी ज्वार की खरीद हो सकी है। किसानों का कहना है कि सरकारी खरीद के दाम कम मिलने से प्राईवेट मंडियों में ज्वार बेचनी पड़ी। जबकि धान की खरीद अभी चालू है।



शासन के निर्देश पर मोटे अनाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में एक अक्तूबर से ज्वार की खरीद शुरू की गई थी। जिसमें ज्वार (हाइब्रिड) 3180 रुपये प्रति क्विंटल व ज्वार (मालदांडी) 3225 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया था। इसके लिए चार केंद्र मंडी समिति सुमेरपुर, मौदहा, राठ व उपमंडी सरीला में नियत किए गए थे। शासन ने जिले को तीन हजार एमटी ज्वार खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया था। जिसके सापेक्ष कुल 128 किसानों से 681.05 एमटी ज्वार खरीदी गई है। जो लक्ष्य का 1/5 वां भाग है। जबकि धान खरीद के लिए शासन ने जिले को 500 एमटी का लक्ष्य निर्धारित किया था। जिसके सापेक्ष अभी तक तीन केंद्रों के माध्यम से कुल 165 किसानों से 1155.54 एमटी की खरीद की गई है। हालांकि अभी धान की फरवरी माह तक खरीद की जाएगी।

**प्राईवेट मंडी की अपेक्षा समर्थन मूल्य कम**

सुमेरपुर के पत्योरा निवासी युवा किसान संदीप सिंह ने बताया कि तीन बीघे में ज्वार की फसल बोई थी। जिसमें 10 क्विंटल ज्वार की पैदावार हुई थी। बताया कि प्राईवेट मंडी की अपेक्षा सरकारी खरीद के रेट बहुत कम होने के चलते प्राईवेट में ज्वार बेची है।

**हरियाणा में बेचा धान**

कुरारा के टोडरपुर निवासी किसान कृष्ण कुमार ने बताया कि 20 बीघे में करीब 120 क्विंटल धान की पैदावार की है। जिसे हरियाणा ले जाकर 4300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेचा है। जबकि सरकारी खरीद 2200 रुपये निर्धारित है। कहा कि सरकार को समर्थन मूल्य बढ़ाना चाहिए।

लक्ष्य के सापेक्ष ज्वार की कम खरीद हो सकी है। ज्यादातर किसानों ने प्राईवेट मंडियों में ज्वार बेची है। बताया कि रेट कम होने के चलते खरीद कम हो सकी है। बताया कि धान की खरीद अभी फरवरी माह तक की जाएगी।

**घनश्याम वर्मा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी**

## धुंधपुर में सुना प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

**हमीरपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सुमेरपुर ब्लाक के धुंधपुर गांव पहुंचने पर ग्रामीण संवाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को सुना एवं देखा गया।उधर बांकी गांव में कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा नेताओं ने डबल इंजन की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों का आह्वान किया।



सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा क्षेत्र के धुंधपुर व बांकी गांव पहुंची। जहां प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीण संवाद योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी भाजपा प्रदेश मंत्री देवेश कोरी ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को ग्रामीणों ने सुना और देखा। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने गांव गरीब बेरोजगार युवाओं एवं किसानों को लाभान्वित करने वाली योजनाएं संचालित कर सभी को लाभ पहुंचाने का काम किया है। जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने 22 जनवरी को अपने घरों पर दीप जलाने की अपील की। इस मौके पर लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे, प्रधान रामेश्वर निषाद, बांकी प्रधान जीवन श्रीवास, क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे, गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, स्वामी प्रताप सिंह, पुष्पराज सोनी, संतराम गुप्ता, धीरेंद्र शिवहरे, सिद्धार्थ सिंह, रवि गुप्ता, श्याम धुरिया, रामचंद्र शर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, अमित सिंह, राजकुमार अवस्थी, आशीष, मनोज पालीवाल, शरद चंदेल सुमंत शर्मा, अंकित सिंह, सुनील सिंघम, लल्लू निषाद, कालीदीन निषाद के साथ सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित लाभार्थियों के आवेदन भरवाएं।

## मौसम साफ होते ही ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़



**सुमेरपुर।** सोमवार को मौसम साफ होते ही नवीन प्राथमिक केंद्र की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर एक बजे तक ओपीडी में डेढ़ सौ से अधिक मरीजों का उपचार हो चुका था। अपरान्ह 3 बजे तक संख्या 180 पहुंच गई थी। मौसम साफ होते ही सोमवार को ओपीडी खुलते ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डा.शशांक ने बताया कि ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम व बुखार से ग्रसित आ रहे हैं। दोपहर एक बजे तक डेढ़ सौ से ज्यादा मरीजों का उपचार ओपीडी में हो चुका था। अपरान्ह 3 बजे तक संख्या 180 हो चुकी थी। शाम 4 बजे तक संख्या 200 के करीब पहुंचने की संभावना थी। कस्बे के निवासी गजेंद्र गुप्ता, महेश कुमार, रामू, राजेश कुमार, अभय सिंह, नरेंद्र कुमार, रामवती, प्रेमा, गिरजा आदि ने बताया कि वह खांसी जुकाम बुखार से ग्रसित होकर उपचार कराने आए हैं। चिकित्सकों ने बताया कि मौसम के बदलाव का असर बच्चों बूढ़ों युवाओं महिलाओं सभी पर पड़ा है। उपचार के साथ मरीजों को सर्दी से बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं, ताकि लोग ठंड से अपना बचाव सही तरीके से करते रहें।

## सुमेरपुर के केपी इंटर कॉलेज में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

### मेले में 120 से अधिक युवाओं का चयन, नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिए नियुक्ति पत्र



**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के देवगांव मार्ग में संचालित केपी इंटर कालेज में आयोजित रोजगार मेले में 27 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इस मेले में 120 से अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया। कौशल विकास मिशन, आईटीआई व जिला सेवायोजन के संयुक्त तत्वावधान में कस्बे के केपी इंटर कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में 624 युवाओं ने पंजीकरण कराया। इसके सापेक्ष 120 से अधिक युवाओं को कंपनियों ने रोजगार प्रदान किया। रोजगार मेले में जीएस इंटरप्राइजेज, शारदा हॉस्पिटल, सतगुरु सॉफ्ट सॉल्यूशन प्रा.लि., ब्राइट फरदर आर्गेनिक हर्बल एंड आयुर्वेद, कैरियर ब्रिज स्किल सॉल्यूशन, गुजरात फर्टिलाइजर, एचडीएफ लाइफ, बुंदेलखंड रिसर्च फाऊंडेशन, कॉल्विन मैनेजमेंट सॉल्यूशन, प्रास इंटरप्राइजेज सहित 27 कंपनियों ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि पहले युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ता था। अब कंपनियां युवाओं के पास आ रही है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवराम सिंह, जिला कौशल प्रबंधक प्रदीप कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन रवि वर्मा आदि ने चयनित युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अरविंद श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रधानाचार्य एम. कश्यप आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय विधायक ने दीप प्रज्वलित कर यात्रा का किया शुभारंभ

**मुस्करा।** भगवान श्री राम की होने प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रतिष्ठा अभियान समिति द्वारा चिल्ली गाँव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमे क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने कलश में दीप प्रज्वलित कर यात्रा का शुभारंभ किया।



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने बाली भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के चिल्ली गांव भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई।जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विद्यालय मनीषा अनुरागी ने कलश में दीपप्रज्वलन कर किया।इसके बाद प्रभु श्री रामचंद्र की झांकी रामधुन के साथ पूरे गांव में निकाली गई जिसमें महिलाएं पुरुषों ने अपने सिर में अक्षत कलश रख कर शोभायात्रा गांव चिल्ली की बड़ी देवी मंदिर से प्रारंभ कर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पास की ग्राम पंचायत पुराजहाँन गांव में भी निकाली गई शोभायात्रा के दौरान भक्त जय श्री राम के नारे से लगाते हुए चल रहे थे। वही 22 जनवरी को अपने अपने घरों में दीपक जरूर जलाने का आवाहन भी किया गया।इस कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रति बहुत ही उत्साह दिख रहा है।इस मौके पर राठ विधायक मनीषा अनुरागी, भाजपा युवा नेता अभिषेक तिवारी जनसेवक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड कार्यवाह नीरज मंडल समन्वयक अजय पाल राजपूत,शिवम पालीवाल (खंड सम्पर्क प्रमुख),खण्ड व्यवस्था प्रमुख संजय गुरूदेव शिवकुमार त्रिपाठी,भाजपा नेता अभिषेक तिवारी जनसेवक,ब्लॉक प्रमुख वीरनारायण राजपूत,करन सिंह दद्दू जिला पंचायत सदस्य,शैलेन्द्र तिवारी,दीपक दुबे,अमित भदौरिया,गोरेलाल प्रजापति,संतोष तिवारी सहित लगभग पांच सैकड़ा से अधिक राम भक्त उपस्थित रहे है।

## 20 जनवरी से पड़ुई में होगा टूर्नामेंट

**कुरारा।** ग्राम पड़ुई में आगामी 20 जनवरी से क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी क्षेत्रीय टीमें हिस्सा लेंगी। प्रधान अमित कुमार निषाद ने बताया कि क्रिकेट के लिए नियम व शर्ते लागू की गई हैं। बताया कि सभी मैच टेनिस बाल से खेले जाएंगे। अंपायर का निर्णय सर्वमान होगा। सभी मैच में आकर्षक मैन आफ द मैच दिया जाएगा। बताया जिस गांव की टीम होगी समस्त खिलाड़ी उसी गांव के ही होंगे। खिलाड़ियों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। मेजवान टीम में चित्रसेन (कप्तान), प्रदीप (उप कप्तान), ब्रजेश कुमार निषाद, अमित कुमार, शशि कुमार, अतुल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, बीरेंद्र आचार्य, आशीष कुमार, योगेंद्र कुमार, राममोहित निषाद, श्रवण कुमार, युवराज सिंह, अजय कुमार, शोभित, मनोज कुमार, रोहित कुमार, रोहित, धीरज, सौरभ हैं। टूर्नामेंट के संरक्षक रामसरन निषाद, ज्ञानप्रकाश अचार्य हैं। आयोजक मंडल में अध्यक्ष रामसजीवन निषाद, पप्पन पालीवाल, आदि उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत की नाक के नीचे चल रहा अवैध निर्माण

**सुमेरपुर।** नगर पंचायत कार्यालय के ठीक बगल में एक दबंग सार्वजनिक नाली को कवर करके मकान का निर्माण कर रहा है। नगर पंचायत इस प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नोटिस थमाने की बात कही है। नगर पंचायत कार्यालय के दूसरे गेट के बगल में कस्बे के राकेश ओमर ने एक पुराना रिहायशी मकान खरीदा था। इस पुराने मकान को तोड़कर नया मकान बनाया जा रहा है। पूर्व में मकान सार्वजनिक नाली के अंदर बना हुआ था। अब राकेश ओमर सार्वजनिक नाली को कवर करते हुए मकान का निर्माण करा रहे हैं। इससे आम रास्ता सकरा हो रहा है। वार्ड की सभासद संगम सोनी ने इसकी शिकायत नगर पंचायत कार्यालय में की थी। लेकिन शिकायत के बाद इस दबंग पर कार्यवाही नहीं हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं था। वह मंगलवार को मौके पर जाकर कब्जा करने वाले के खिलाफ नोटिस जारी करेंगे।



**दैनिक विश्व परिवार**

संस्थापक : **कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन**
(पूर्व अध्यक्ष-राज्य विज्ञापन मान्यता समिति उ.प्र. शासन)
मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक जैन द्वारा वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से मुद्रित एवं वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से प्रकाशित।
**सम्पादक : प्रवीण कुमार जैन**
स्वात्ताधिकारी : प्रियेश कुमार जैन,
समाचार सम्पादक : डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन
डाक पंजीयन एल. 2-12/516 आर.एन.आई. पंजी. सं. 35394/77
**मो.-9450071632, 9415073930**
E-mail : dvp.jhs@gmail.com

# जिले में जगह-जगह तेंदुए की चहल कदमी, ग्रामीण इलाकों में दहशत

## कटेरा के रेवन खिरक में दिखा तेंदुआ



**झांसी(विश्व परिवार)।** जिले मे एक बार फिर तेंदुए की चहलकदमी देखी गई। तेंदुए की चहलकदमी देख ग्रामीण दहशत में है और उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। मामला जनपद झांसी के कटेरा थानान्तर्गत ग्राम रेवन खिरक है, जहां रहने वाले ग्रामीणों ने एक तेंदुए की चहलकदमी देखी। इसे देख उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। मालूम हो कि इससे पहले भी कटेरा थानान्तर्गत ग्राम कांडोर में पिछले दिनों तेंदुए को देखा गया था, जिसने तीन लोगों को हमला कर घायल कर दिया था। इसमें वन कर्मी भी घायल हुआ था। तेंदुए को पकड़ने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन उसे वन विभाग की टीम पकड़ने में नाकाम रही। अब रेवन खिरक में तेंदुए की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत के साए में बने हुए है।

# एक लाख के ईनाम के 4 वांछित आरोपी गिरफ्तार





**झांसी(विश्व परिवार)।** झांसी पुलिस ने इनामिया बदमाशों के खिलाफ अभियान शुरु कर दिया है। जनपद की बरुआसागर और मऊरानीपुर थाना पुलिस ने 25-25 हजार के 4 ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

जनपद की मऊरानीपुर थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त करते हुए चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने रमेश कुमार खरे, श्रीमती आशा खरे ओर अतुल खरे को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों पर 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित है। तीनों वर्ष 2016 में दर्ज हुए दहेज हत्या के आरोप में वांछित चल रहे थे, तभी से वह फरार चल रहे थे और पुलिस से छिपकर यूपी व एमपी के अलग-अलग क्षेत्रों में रहे थे।

इसी प्रकार बरुआसागर थाना पुलिस ने नई बस्ती के पास से मोंटू उर्फ राजा बाबू हत्याकांड में फरार चल रहे 25 हजार के ईनामी बदमाश सौरभ यादव निवासी कोट बेहटा को गिरफ्तार कर लिया है। वह तीन वर्षों से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके पास से तंमचा और कारतूस बरामद किया है।

पुलिस ने चारों ईनामी बदमाशों को पकड़कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आगे भी लगातार यह अभियान चलाया जायेगा। जिससे फरार चल रहे बदमाशों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

## बामौर पंचायत विभाग के सफाई कर्मी की मौत

**झांसी।** बामौर पंचायत विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारी को झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मौत के कारण को जानने के लिए शव को कब्जे में लिया। इसके बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक करीब 35 वर्षीय मानवेन्द्र पुरेनिया थाना गुरसरांय जिला झांसी है। वह बामौर पंचायत विभाग में सफाई कर्मचारी था। परिजनों के अनुसार उसके दो बच्चे थे। उसके पेट में काफी समय से दर्द रहता था। हालत बिगड़ने के कारण उसे झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

## युवा दिवस के अवसर पर अ भा वि प ने असहाय लोगों को किए कंबल वितरित

**महोबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम विवेकोत्सव के क्रम में आज कंबल वितरण कार्यक्रम मां चंद्रिका महिला महाविद्यालय में आयोजन किया गया जिसमे 40 गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए जिसमे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ज्योति सिंह कार्यक्रम जिला संयोजक शिवम् विश्वकर्मा एवं मीडिया संयोजक आदर्श चक्रवर्ती, नगर मंत्री कृष्णा पाल सिंह, महाविद्यालय ईकाई अध्यक्ष तपस्या सिंह महाविद्यालय से सतेंद्र सिंह धर्मेंद्र सिंह, नितिन दिवेदी एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# ओपन माइक कंसर्ट में डॉ. संदीप ने नवोदित कलाकारों का किया उत्साहवर्धन

- **छोटे शहरों के कई कलाकार पहुंचे बड़े पर्दे पर, मात्र अवसर की आवश्यकता**



**झांसी(विश्व परिवार)।** जनपद में बांदा के निवासी तेरी यादों का शोर मंच के संस्थापक आरनव चिराग सुपुत्र रामराज और दीपक के अलफाज मंच के संस्थापक दीपक जोशी सुपुत्र लक्ष्मी नारायण जोशी द्वारा आयोजित किया गया। झाँसी में मोक्ष रूफ टॉप कैफे में शो के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ0 संदीप सरावगी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पुराने कलाकारों के साथ नए कलाकारों को मंच पर शायरी गजल संगीत और हास्य कविता प्रस्तुत करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विशेष रूप से शायर गोविंद यादव (अहमदाबाद), दिलीप कुशवाहा (जबलपुर), राज गुर्जर (पिपरिया म0प्र0) उपस्थित रहे तथा मंच का संचालन संचालक निंदिया सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्व सर्वश्रेष्ठ कलाकार के रूप में हिराना पवार, शुभम वर्मा, राज जोशी, घनेंद्र को डॉ0 संदीप सरावगी, आरनव चिराग, दीपक जोशी द्वारा ट्रॉफी तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

डॉ0 संदीप सरावगी ने मंच पर कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किसी भी मंच पर जीवंत रूप से दर्शकों का मनोरंजन करना आसान कार्य नहीं है। टीवी आदि पर जो हम कार्यक्रम देखते हैं, वह सभी पहले से ही रिकॉर्डिड होते हैं, जिसमें हमेशा सुधार की संभावना होती है, लेकिन मंच पर एक बार में ही अपना शत प्रतिशत प्रदर्शित करना होता है। इसके लिए बहुत अभ्यास की जरूरत होती है, आज जो भी कलाकार मंच पर अपना प्रदर्शन कर रहे हैं, इनमें से कई कलाकार आगे चलकर बड़ा मंच भी साझा करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी कलाकारों को मैं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूँ। कार्यक्रम के आयोजक आरनव चिराग ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके मित्र शुभम चौधरी, पुष्पेंद्र, अमन, प्रतीक तथा रवि ठाकुर का विशिष्ट योगदान रहा। उन्होंने डॉ0 संदीप का आभार जताते हुए कहा कि भविष्य में वे दीपक जोशी के साथ जुड़कर संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से नवोदित कलाकारों को एक बड़ा मंच देने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राकेश अहिरवार, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

# नीमा की आयुर्वेदिक चिकित्सा संगोष्ठी सम्पन्न



**झाँसी।** रविवार को नीमा अध्यक्ष डॉक्टर शरद द्विवेदी जी की अध्यक्षता में आयुर्वेदिक चिकित्सा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आयुर्वेदिक कॉलेज से डॉ. संजय सिंह (मुख्य वक्ता) ने आज के दैनिक आहार विहार में होने वाले बवासीर से बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया तथा डॉ. अरुण झां ने स्तंभ के बारे में उपचार एवं योग से निदान के बारे में व्याख्यान दिया तथा डॉक्टर सचिन जैन ने तनाव एवं स्ट्रेस के बारे में व्याख्यान किया।

आज की संगोष्ठी में नीमा के निम्न चिकित्सक डॉ. के एन मिश्रा, डॉ. प्रतिभा भार्गव, डॉ. एस डी पाठक, डॉ. महेंद्र शर्मा, डॉ हरिमोहन मित्तल डॉक्टर राजेंद्र सिंघल, डॉ आनंद खरे, डॉक्टर रामकृष्ण राठौर ( प्रिंसिपल आयुर्वेदिक कॉलेज), मुख्य अतिथि डॉक्टर सटीक कोहिमा, डॉक्टर रविंद्र कुमार तिवारी ,डॉक्टर राजेश सोनी , डॉक्टर अनिल बरसैयां, डॉक्टर प्रशांत दुबे, डॉक्टर शैलेंद्र वाष्णेय, डॉक्टर देवेंद्र कुशवाहा, डॉक्टर हरिकृष्ण सोनी, डॉक्टर सौरभ तिवारी, डॉक्टर अनिल नीखरा, डॉक्टर महेंद्र गुप्ता, डॉक्टर अमित राय, डॉक्टर नरेंद्र शाक्य, डॉक्टर रजत गुप्ता, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार , डॉक्टर एस के गुप्ता, डॉक्टर अमर देवा डॉक्टर अभिजीत बिरथरे, डॉक्टर पवन बादल, डॉक्टर आरके चौरसिया, डॉक्टर मोहित तिवारी, डॉक्टर मुकेश शिवहरे, डॉक्टर अभय तिवारी, डॉक्टर विकास श्रीवास्तव, डॉ प्रदीप कुमार जैन, डॉक्टर कल्पना राययादा, डॉक्टर दीपक सिंह, डॉक्टर प्रिंसी द्विवेदी, डॉक्टर चंद्रिका, डॉक्टर रवि कनकने, डॉक्टर अनिल सोनी ,डॉक्टर इमरान सिद्दीकी, डॉक्टर जी वी मंगल (आयुर्वैदिक कॉलेज ), डॉक्टर उमेश चंद्र शर्मा, डॉक्टर चंद्रपाल सिंह, डॉक्टर सत्यम भार्गव आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर देवेश रावत ने किया तथा कार्यक्रम में सभी का आभार डॉक्टर शशांक कोहिमा एवं गौरव बाजपेई जी ने संयुक्त रूप से किया।

# डीएम की नसीहत : बैंकर्स शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें, योजनाओं के क्रियान्वयन में दें सहयोग

- **विभिन्न योजनाओं के आवेदन लंबित रखने पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, यूपी ग्रामीण बैंक, बैंक आफ इंडिया केनरा बैंक की लगाई जिलाधिकारी ने क्लास**
- **40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले बैंक सुधार लाते हुए जिले के विकास में सहयोग देना सुनिश्चित करें**
- **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक**
- **अनुपस्थित रहने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण लिए जाने के निर्देश**



**झांसी(विश्व परिवार)।** विकास भवन सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने कहा कि सभी बैंक शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग दें। जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं में बैंकों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी किसानों/आमजन व लाभार्थियों के प्रति संवेदनशील बने। बैठक में जिलाधिकारी के टारगेट पर ऐसे बैंक रहे, जिनके पास शासकीय योजनाओं आवेदन लंबित हैं। उन्होंने नाम लेते हुए बैंक ऑफ़ बड़ोदा, केनरा बैंक, यूपी ग्रामीण बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया इन सभी बैंकों को ताकीद करते हुए कहा कि आवेदनों के लंबित रखने की स्थिति को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने तत्काल आवेदनों का निस्तारित करने के निर्देश दिए और निस्तारित आवेदनों के सत्यापन हेतु जिला स्तरीयअधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण हेतु सहायता योजना में प्रेषित आवेदनों के निरस्तीकरण के कारण की क्या वजह है, उसकी जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि निरस्तीकरण अधिक होने पर यह माना जाएगा कि बैंक अधिकारियों ने कार्य में रुचि नहीं ली। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए बैंकों को योजना अंतर्गत ऋृण आवेदनों की स्वीकृति प्रदान कर वितरण सुनिश्चित करना होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे बैंक जिनका 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो है, वह सभी -शेष पृष्ठ 7 पर

# यूपी बार काउंसिल के अनुशासन समिति के कोऑप्टेड सदस्य बने प्रणय ने कहा-अनुशासन का मानक लांघने वालों के खिलाफ कार्यवाही तय



**झांसी(विश्व परिवार)।** जिला अधिवक्ता संघ झांसी के पूर्व सचिव प्रणय श्रीवास्तव एड. को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज की अनुशासन समिति में को-आप्टेड सदस्य मनोनीत किया गया है। प्रणय के इस मनोनयन पर आज कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। इसके साथ ही बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज का आभार भी जताया कि उन्होंने झांसी से भी प्रतिनिधित्व दिया है।

समिति में बार काउंसिल के सदस्य/ पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी एवं बार काउंसिल के सदस्य सचिव/ पूर्व उपाध्यक्ष अंकुश मिश्रा है। प्रणय श्रीवास्तव जिला अधिवक्ता संघ झांसी के चार बार सचिव व विपिन बिहारी महाविद्यालय झांसी में छात्र संघ के महामंत्री पद पर रह चुके हैं। प्रणय श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान हेतु विधिक प्रक्रिया अनुसार निष्पक्षता से निर्णय लिए जाएंगे। अधिवक्तागण को बगैर किसी भेदभाव के बार काउंसिल से सुविधाएं दिलाई जाएंगी। अधिवक्ताओं की गरिमा बनाए रखने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अनुशासन को देखने का अपना-अपना नजरिया है, लेकिन जो बार काउंसिल के अनुशासन को लेकर मानक तय हैं, यदि उन मानकों का उल्लंघन होता है तो वह अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रणय श्रीवास्तव का स्वागत व सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से श्री जितेन्द्र प्रजापति, उदय सोनी, जेपी गुप्ता, बद्री प्रसाद चऊदा, चन्दन सिह एड.,गम्भीर देव सिह, विजेन्द्र दोहरे, रोमेश अग्रवाल एट, उमाकान्त चौधरी शिव कुमार मनोज तिवारी जगदीश नामदेव दयाराम प्रजापति एड अभय भदौरिया आदि शामिल रहे।

## विकास कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक 12 जनवरी को

**झांसी।** मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद द्वारा अवगत कराया गया है कि विकास कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण कार्यक्रमों की डैशबोर्ड की समस्त विभागीय योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 12 जनवरी को अपरान्ह 4 बजे विकास भवन, झाँसी के सभागार में आयोजित होगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त बैठक में समय से समस्त सूचनाओं सहित उपस्थित रहे।

## 14 जनवरी तक ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन करें

**झांसी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण पाल सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र, 2023-24 में पूर्वदश छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 योजनान्तर्गत छात्रों द्वारा अनलाइन आवेदन करने एवं अन्य समस्त कार्यवाही पूर्ण करने हेतु संशोधित समय-सारणी निर्गत की गयी है। जिसके अन्तर्गत कक्षा 9-10 के छात्र/छात्राएं दिनांक 08 से 14 जनवरी, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। छात्रवृत्ति का प्रेषण आधार कार्ड बेस्ड होगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा पूर्वदशम कक्षाओं में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किय गया है कि वह अपने छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाइन भर सकते है।

## जरूरत से ज्यादा अंडे व शराब बना मौत का कारण

**झांसी।** अधिक अंडे और शराब के सेवन से एक युवक की हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया और कार्यवाही शुरु कर दी।मृतक का नाम लगभग 32 वर्षीय जितेन्द्र अहिरवार बताया गया। वह श्रीनगर थाना प्रेमनगर का रहने वाला बताया गया। भाई सोनू के अनुसार जितेन्द्र सरिए का जाल बनाने का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। पिछले एक सप्ताह में उसने अधिक अंडे और शराब का सेवन किया। जिससे उसकी बिगत दिवस हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर भेज दिया।

## पैर के दर्द से था परेशान, खा लिया जहर, हो गयी मौत

**झांसी(विश्व परिवार)।** पैर के असहनीय दर्द से परेशान होकर एक युवक ने विषाक्त खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए झांसी मेडिकल कालेज लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक लगभग 28 वर्षीय अतुल द्विवेदी गुमनावारा थाना नवाबाद जिला झांसी का रहने वाला है। वह शहर में स्थित एक किराने की दुकान पर काम करता था। उसके पिता समाज कल्याण विभाग में कार्यरत थे। उनकी काफी समय पहले मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार अतुल द्विवेदी अविवाहित था। उसके पैर में असहनीय दर्द होता था, जिससे वह काफी परेशान रहता था। आशंका जताई जा रही है कि उसने इसी असहनीय दर्द से परेशान होकर विषाक्त खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर मुर्दाघर भेज दिया है।

## प्रभारी निरीक्षक की सूझ वूझ ने दंपति को विछड़ने से बचा कराया, सुलहनामा

**पनवाडी (महोबा)।** महिला मिशन शक्ति के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक के द्वारा वादिया पति व ससुराल पक्ष से चल रहे विवाद का महिला हेल्प डेस्क के द्वारा दोनो पक्षो को समझा बुझाकर व आपस मे सामाजंस वना सुलह समझोत कराया गया।महिला हेल्प डेस्क की कर्मठता एव थाना प्रभारी की सूझ वूझ से दोनो परिवार विखरने से बच गये कस्वा राजगंज निवासी दयावती पत्नी राकेश कुमार ने अपने पति व ससुराल जनो पर शोषण एव प्रताडीत करने का आरोप लगा थाने मे शिकायती पत्र महिला हेल्प डेस्क को सौपा था जिस पर महिला डेस्क कर्मियो ने मामले को गंभीरता के साथ दोनो पक्षो को वुला कर वादिया द्वारा लगाये गये आरोपो के सम्वन्ध मे गहन जानकारी की इसके वाद दोनो पक्षो को प्रभारी निरीक्षक की सूझ वूझ एव महिला डेस्क की कर्मठता के चलते दोनो परिवारो को विछडने से वचा आपसी मे दोनो का सोहार्द पूर्वक सुलह नामा करवाया गया।

## आयुक्त ने किये सौंदर्यीकरण कार्यों के निरीक्षण



**झांसी।** आयुक्त झाँसी मण्डल झाँसी डा. आदर्श सिंह द्वारा नगर आयुक्त के साथ बिजौली तालाब पर चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिसमें निर्माणाधीन प्रवेश द्वार, वाहन पार्किंग स्थल, बच्चों के खेलने के स्थान एवं उपकरणों, तालाब के पास सेल्फी प्वांइट, ओपन जिम, फूड जोन, तालाब के किनारे वोटिंग के उपयोग हेतु निर्माणाधीन घाट का निरीक्षण किया गया।तालाब के पास स्थित किले के पास लैंडस्कैपिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा उक्त कार्य को तीव्र गति से करते हुये 20.01.2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त तालाब का कार्य पूर्ण होने के पश्चात वहाँ टिकट की व्यवस्था की जाये, टिकट की आय से ही तालाब पर सुव्यवस्थित रख-रखाव की व्यवस्था हेतु किसी संस्था को आवंटित किया जाये। निरीक्षण के दौरान श्री एस.के. सिंह मुख्य अभियन्ता, श्री एम.के. सिंह अधिशासी अभियन्ता, श्री राजकुमार भद्रसेन सहायक अभियन्ता, श्री देवीलाल शर्मा अवर अभियन्ता, ठेकेदार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्टेशन पर पकड़ा गया नशे का सौदागर, गांजा बरामद



**झांसी।** छत्तीसगढ़ से दिल्ली जा रहे एक नशे के सौदागर को झांसी जीआरपी ने वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर पकड़ा है। उसके पास से तलाशी के दौरान 52 हजार रुपए कीमत का गांजा बरामद किया है। पकड़े गए नशे के सौदागर के खिलाफ सम्बधित धारा के तहल कार्यवाही की गई। झांसी जीआरपी रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रही थी। इसी दौरार वीरागना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध युवक नजर आया। शक होने पर जीआरपी ने उसकी तलाशी ली और पूछताछ की तो पता चला कि वह गांजा तस्कर है। तलाशी के दौरान उसके पास से 5.292 किग्राम गांजा बरामद हुआ है। उसे पकड़कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद सिराज निवासी ग्राम रघुनाथपुर दुनवा थाना सकरा जिला मुज्जफरपुर बिहार बतायां पूछताछ पता चला कि उक्त गांजा को वह छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली बेचने जा रहे थे। पुलिस से बचने के लिए वह ट्रेन बदल-बदलकर जा रहे थे। पकड़े गये गांजा तस्कर खिलाफ सम्बधित धाराओं के तहत के मामला दर्ज कर कार्यवाही की।

## खेत पर पानी लगा रहे किसान की संदिग्ध मौत

**झांसी(विश्व परिवार)।** बरुआसागर थाना क्षेत्र में खेत पर पानी लगा रहे किसान की अचानक तबीयत खराब हो गई। उसे झांसी मेडिकल कालेज लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने मौत का कारण ठंड लगना बताया। मृतक का नाम लगभग 37 वर्षीय विजय राजपूत बताया गया। वह बरुआसागर थानान्तर्गत ग्राम जरबो का रहने वाला है। उसके 4 बच्चे हैं। वह अपने खेत में गेहूं की फसल किए हैं। विगत शाम वह खेत में पानी लगा रहा था। उसके साथ मामा और चाचा भी थे। परिजनों के अनुसार खेत में पानी लगाने के दौरान मामा और चाचा खाना बनाने पास में चले गए। खाना बनाने के बाद उसे बुलाने के लिए जब दोनों पहुंचे तो वह पानी में बेहोशी हालत में पड़ा हुआ था। यह देख आनन-फानन में उसे उपचार के लिए झांसी मेडिकल कालेज लाया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर भेज दिया है।

## रेल कर्मचारियों की तीन दिवसीय भूख हड़ताल शुरू

**झांसी(विश्व परिवार)।** पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच ज्वाइंट फोरम फॉर रेस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम/ नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेंस/नार्थ सेण्ट्रल रेलवे इम्प्लॉईज संघ के महामंत्री आर पी सिंह के आव्हान पर नेशनल पेंशन सिस्टम को रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली करने की मांग को लेकर संघ के मंडल कार्यालय, शुक्ल सदन झांसी के प्रांगण में स्थित रिक्त स्थान पर 8 जनवरी से 11- जनवरी तक के प्रथम दिन में क्रमिक भूख हड़ताल (12-12 घंटे) का प्रारंभ मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह ,मंडल सचिव भानुप्रताप सिंह चंदेल,कार्यकारी अध्यक्ष विवेक चड्ढा, मंडल कोषाध्यक्ष टी पी सिंह,सहायक मंडल सचिव महेंद्र सेन, मोहम्मद उमर खान, मंडल उपाध्यक्ष जिंसी मैथ्यू ने प्रशासनिक लेखा शाखा, मुख्य शाखा एवं ललितपुर शाखा के सम्मालित कर्मचारी एवं पदाधिकारियों का भूख हड़ताल में शामिल युवाओं को माला पहनाकर किया। इस अवसर पर गौरव श्रीवास्तव, दीपक शर्मा, दिग्विजय सिंह, राजकुमार तोमर, हर्षवर्धन सिंह, संतोष तिवारी, सुनीता झा, आरती तमोरी, छवि साहू, शाइमा, संजीव नायक, कामता प्रसाद साहू, अरुण गुप्ता, एन के जैन, आई के पाण्डेय, आशीष कनौजिया, सलमान खान, कालूराम कुशवाहा, अभिषेक साहू, प्रशांत नामदेव, पप्पू योगी, अरुण त्रिवेदी, अतुल साहू, नितिन शर्मा, प्रेमचंद मीना, जितेन्द्र करौसिया, हरभजन, इंद्र विजय सिंह, प्रमोद कुमार, आदि उपस्थित रहे।